मिशन पढ़ो राजस्थान के तहत रीड ए थोन गतिविधि आयोजित

जोधपुर,वेब वार्ता ।मिशन पढ़ो राजस्थान 2026 के अंतर्गत गुरुवार को महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय महामंदिर तथा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सांसी कॉलोनी रातानाडा में रीड ए थोन गतिविधि का आयोजन किया गया।

समग्र शिक्षा एवं रूम टू रीड इंडिया ट्रस्ट के संयुक्त प्रयासों से आयोजित इस गतिविधि में शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने एक साथ बैठकर विद्यालय पुस्तकालय की पुस्तकों का सामूहिक पठन किया।



इस दौरान विद्यालयों में पठन संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुखर वाचन, स्वतंत्र पठन, जोड़ों में पठन सहित विभिन्न पुस्तकालय आधारित गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ सहभागिता निभाई तथा पुस्तकों के माध्यम से सीखने की आनंददायक प्रक्रिया का अनुभव किया।

शिक्षकों ने भी नियमित पठन की आवश्यकता पर बल देते हुए बताया कि पुस्तकालय आधारित गतिविधियाँ बच्चों के भाषा कौशल, पठन समझ, अभिव्यक्ति एवं रचनात्मक सोच के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

इस अवसर पर रूम टू रीड इंडिया ट्रस्ट के प्रोग्राम एसोसिएट गौरव सिंह राठौड़ एवं गणेश टाक द्वारा विद्यालयों में आयोजित गतिविधियों का अवलोकन किया गया। उन्होंने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए विद्यालयों में नियमित पुस्तकालय एवं पठन गतिविधियों को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने पर जोर दिया।

बंगाल की खाड़ी के डिप्रेशन से राजस्थान में मानसून सक्रिय, आज 11 जिलों में ऑरेंज अलर्ट

जयपुर,वेब वार्ता । बंगाल की खाड़ी में बने डिप्रेशन सिस्टम के प्रभाव से राजस्थान में मानसून फिर पूरी तरह सक्रिय हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार से इस सिस्टम का असर और बढ़ेगा, जिसके चलते प्रदेश के कई हिस्सों में भारी से अति भारी बारिश होने की संभावना है। गुरुवार को 11 जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं 31 जुलाई और एक अगस्त को भी कई जिलों में भारी बारिश का दौर जारी रहने का अनुमान है।



मौसम विभाग का कहना है कि अगस्त के पहले सप्ताह तक प्रदेश में मानसून सक्रिय बना रहेगा।

जयपुर मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि पूर्वी भारत के ऊपर बना डीप डिप्रेशन कमजोर होकर अब डिप्रेशन में बदल गया है। वर्तमान में यह सिस्टम उत्तरी ओडिशा, दक्षिणी झारखंड और उससे सटे छत्तीसगढ़ क्षेत्र के ऊपर स्थित है तथा अगले 24 घंटों में इसके धीरे-धीरे पश्चिम की ओर बढ़ने की संभावना है।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस :एसएमएस स्टेडियम सहित शहर के प्रमुख स्थलों पर होगा सामूहिक योगाभ्यास

जयपुर,वेब वार्ता। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) के अवसर पर रविवार को जयपुर में विभिन्न स्थानों पर भव्य योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्य कार्यक्रम सवाई मानसिंह (एसएमएस) स्टेडियम में आयोजित होगा। इसके अतिरिक्त शहर के प्रमुख सांस्कृतिक एवं पर्यटन स्थलों अल्बर्ट हॉल, पत्रिका गेट, जलमहल तथा आमेर फोर्ट पर भी प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

जिला कलेक्टर संदेश नायक ने बताया कि इन कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों तथा बड़ी संख्या में आमजन की सहभागिता रहेगी। योगाभ्यास कार्यक्रमों में विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं कोचिंग संस्थानों के विद्यार्थी, विभिन्न संस्थाओं के योग साधक, एनसीसी, सीआरपीएफ, पुलिस, होमगार्ड, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित विभिन्न विभागों के कार्मिक भाग लेंगे।

उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई हैं। विभिन्न स्थलों पर प्रतिभागियों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है तथा संबंधित विभागों को



समन्वयपूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।जिला कलक्टर ने आमजन से अधिकाधिक संख्या में योगाभ्यास कार्यक्रमों में भाग लेने का आह्वान करते हुए कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन एवं आध्यात्मिक उन्नति का प्रभावी माध्यम है।

नियमित योगाभ्यास स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देता है तथा तनाव मुक्त एवं सकारात्मक जीवन जीने में सहायक होता है।उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में योग वैश्विक स्तर पर समग्र स्वास्थ्य एवं कल्याण के प्रभावी साधन के रूप में स्थापित हो चुका है।

ट्रेन में युवक का गला सूजा-सांस रुकी, फिर मौत

अजमेर, 30 जुलाई (वेबवार्ता)। अजमेर दरगाह में जियारत कर अपने घर वापस लौट रहे युवक की मौत हो गई। युवक परिवार के साथ महाराष्ट्र से आया था। वापस जाते हुए ट्रेन में अचानक तबीयत बिगड़ गई। ट्रेन में बैठने के करीब पांच मिनट बाद ही अचानक गले में सूजन आने और सांस रुकने से अचेत हो गया था। परिजनों ने चेन पुलिंग कर ट्रेन को रुकवाया और एंबुलेंस की मदद से उसे हॉस्पिटल लेकर गए। जेएलएन हॉस्पिटल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आदर्श नगर थाना के एएसआई कन्हैयालाल ने बताया कि पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। रिपोर्ट आने पर मौत के कारण का पता चलेगा। परिवार के साथ दरगाह में जियारत करने आया था युवक का नाम रिजवान बागवन पुत्र शरीफ बागवान (31) था। वह जिला जलवा, महाराष्ट्र का रहने वाला था। उसके ससुर इरफान ने बताया कि 21 जुलाई को पूरा परिवार महाराष्ट्र से अजमेर दरगाह जियारत के लिए रवाना हुआ था। 22 जुलाई को सभी अजमेर पहुंचे और दरगाह जियारत के साथ अन्य धार्मिक और पर्यटन स्थलों का भ्रमण किया। 29 जुलाई की शाम करीब 5:40 बजे परिवार अजमेर रेलवे स्टेशन से जयपुर-हैदराबाद ट्रेन से वापस घर आने के लिए रवाना हुए थे। महाराष्ट्र में ऑटो चलाता था युवक ट्रेन रवाना होने के करीब 5 मिनट बाद ही रिजवान का अचानक गला सूज गया और उसकी सांस रुकने लगी। चेन पुलिंग कर ट्रेन रुकवाई और सैटेलाइट हॉस्पिटल लेकर गए। वहां से जेएलएन हॉस्पिटल रेफर किया गया। डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। ससुर इरफान ने बताया कि रिजवान की शादी उनकी बेटी से करीब 8 साल पहले हुई थी।

चित्तौड़गढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 10 घंटे में नकबजनी का खुलासा

चित्तौड़गढ़,वेब वार्ता । सदर थाना चित्तौड़गढ़ पुलिस ने सहनवा गांव में किसान के फार्म हाउस में हुई नकबजनी और चोरी की वारदात का मात्र 10 घंटे में खुलासा कर दिया। पुलिस ने चोरी गया फार्मट्रैक-60 ट्रैक्टर मय ट्रॉली, गेहूं-जौ सहित पूरा सामान बरामद कर लिया है। साथ ही वारदात में इस्तेमाल लोडिंग ऑटो भी जब्त किया गया है। मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि 29 जुलाई को सहनवा निवासी गोविंद सिंह जाट ने सदर थाने में रिपोर्ट दी। रिपोर्ट में बताया कि उनके खेत पर बने मकान और गोदाम से किसी अज्ञात बदमाश ने रात में प्रवेश कर फार्मट्रैक-60 ट्रैक्टर मय ट्रॉली, गोदाम में रखा करीब 12 क्विंटल गेहूं, 12 कट्टे जौ, 2 कट्टे डीएपी खाद और अन्य सामान चुरा लिया है। रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर खुलासे के लिए एक विशेष टीम गठित की गई। एएसपी गजेंद्र सिंह जोधा और डीएसपी ब्रजेश सिंह के सुपरविजन में थानाधिकारी प्रेम सिंह के नेतृत्व में टीम ने तकनीकी साक्ष्य जुटाए। वारदात स्थल और वारदात के तरीके का बारीकी से विश्लेषण किया। पुलिस ने राहुल जटिया पुत्र माधुलाल निवासी नई आबादी बोदियाना थाना चंदेरिया हाल नई आबादी बानसेन थाना भदेसर, दीपक जटिया पुत्र श्यामलाल निवासी नई आबादी बानसेन थाना भदेसर, इरफान मोहम्मद पुत्र साबिर मोहम्मद निवासी नई आबादी पुठोली थाना गंगरार और वाजिद मीर खां पुत्र वाहिद मीर खां निवासी विलायती का खेड़ा थाना शंभुपुरा को गिरफ्तार किया।आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने करीब 12 क्विंटल गेहूं और 12 कट्टे जौ भी बरामद किए। घटना में प्रयुक्त लोडिंग टेम्पो को भी जब्त कर लिया गया है। पुलिस अब आरोपियों से अन्य चोरी की वारदातों के संबंध में पूछताछ कर रही है। टीम में एएसआई ददू सिंह, कांस्टेबल बलवंत सिंह, गजेंद्र सिंह और धर्मेंद्र कुमार शामिल थे। टीम ने मुखबिर की सूचना और आसूचना संकलन के आधार पर मात्र 10 घंटे में कार्रवाई करते हुए सरहद चकतिया, मंगलवाड़ से चोरी का ट्रैक्टर मय ट्रॉली बरामद कर लिया। इसके बाद वारदात में शामिल चार आरोपियों को डिटेन कर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपियों ने जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने राहुल जटिया पुत्र माधुलाल निवासी नई आबादी बोदियाना थाना चंदेरिया हाल नई आबादी बानसेन थाना भदेसर, दीपक जटिया पुत्र श्यामलाल निवासी नई आबादी बानसेन थाना भदेसर, इरफान मोहम्मद पुत्र साबिर मोहम्मद निवासी नई आबादी पुठोली थाना गंगरार और वाजिद मीर खां पुत्र वाहिद मीर खां निवासी विलायती का खेड़ा थाना शंभुपुरा को गिरफ्तार किया।आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने करीब 12 क्विंटल गेहूं और 12 कट्टे जौ भी बरामद किए। घटना में प्रयुक्त लोडिंग टेम्पो को भी जब्त कर लिया गया है। पुलिस अब आरोपियों से अन्य चोरी की वारदातों के संबंध में पूछताछ कर रही है।



ज्योति मिर्धा बोलीं-बंद कमरे में नेताओं के पैर छूते बेनीवाल

अजमेर, 30 जुलाई (वेबवार्ता)। अजमेर में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. ज्योति मिर्धा ने कहा- हनुमान बेनीवाल अलग तरीके के राजनीतिज्ञ हैं, जो सिर्फ गिद्ध टाइप की राजनीति करते हैं। जहां कहीं भी नेगेटिव सेंटिमेंट दिखता है, उसे बनाने का प्रयास करते हैं। जहां इनको जरूरत पड़ती है, बंद कमरे में जाकर नेताओं के पैर छू लेते हैं। कभी कहते हैं कि मैं इस सरकार में आ जाता हूं। कभी कहते हैं कि मैं उस सरकार में आ जाता हूं। उनकी बात को मैं बहुत सीरियसली नहीं लेती। नगर निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा ने गुरुवार को अजमेर के भुनाबाय स्थित संभाग कार्यालय में चुनाव संचालन समिति की बैठक कर चुनावी तैयारियों का आगाज कर दिया। इस दौरान डॉ. ज्योति मिर्धा ने यह कहा। ज्योति मिर्धा ने कहा- हनुमान बेनीवाल की कोशिश रहती है कि लोगों को किस तरीके से गांवों में बरगलाया जाए। मिर्धा बोलीं- बेनीवाल सिर्फ नकारात्मक माहौल भुनाने की राजनीति करते हैं डॉ. ज्योति मिर्धा ने कहा- हनुमान बेनीवाल की कोशिश रहती है कि भाजपा से नाराज या बागी नेताओं को अपने साथ जोड़कर राजनीतिक फायदा उठाया जाए। अब जनता उनकी राजनीति को समझ चुकी है। जिन क्षेत्रों को आरएलपी का गढ़ माना जाता था, वहां भी पार्टी का प्रभाव कम हुआ है। कांग्रेस की स्थिति भी नागौर में कमजोर है, जिसका लाभ भाजपा को मिलेगा। उन्होंने कहा- भाजपा नागौर में कमजोर नहीं है। जिले के पांच विधायकों में चार भाजपा के हैं। पार्टी नगर निकाय और पंचायती राज चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करेगी। ज्योति मिर्धा ने कहा- गांव और शहर के लोगों की जिंदगी पर सबसे अधिक असर इन्हीं चुनाव का पड़ता है, इसलिए संगठन पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतरेगा। बैठक की अध्यक्षता पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और अजमेर संभाग प्रभारी अशोक परनामी ने की। बैठक में संभाग के सभी जिलों के विधायक, पूर्व विधायक, जिलाध्यक्ष और वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। परनामी बोले- 6 जिलों की चुनावी रणनीति पर हुआ मंथन संभाग प्रभारी अशोक परनामी ने कहा- बैठक में अजमेर संभाग के 6 जिलों के जिलाध्यक्ष, पूर्व जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी, विधायक, पूर्व विधायक, सांसद, पूर्व सांसद, प्रधान, जिला प्रमुख और अन्य जनप्रतिनिधियों को बुलाया गया। बैठक का उद्देश्य नगर निगम, नगर परिषद, नगर निकाय, पंचायत समिति और जिला परिषद चुनाव में भारी बहुमत से जीत की रणनीति तैयार करना है। परनामी ने कहा- भाजपा केंद्र और राज्य सरकार के विकास कार्यों के आधार पर जनता के बीच जाएगी। उन्होंने कहा- भजनलाल शर्मा सरकार ने यमुना जल समझौते को आगे बढ़ाया है।

सर्वाइकल प्री-कैंसर के इलाज और नई वैक्सीन की तकनीक सौंपी

नई दिल्ली, 30 जुलाई (वेब वार्ता)। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने सर्वाइकल प्री-कैंसर के संभावित इलाज और नई वैक्सीन तकनीकों का लाइसेंस भारतीय दवा कंपनियों को सौंपा है। इस कदम से देश में सस्ती और स्वदेशी दवाएं व वैक्सीन उपलब्ध होने की उम्मीद है। शेता दो नामक सर्वाइकल प्री-कैंसर इलाज का लाइसेंस एमक्योर फार्मास्युटिकल्स को दिया गया है। यह तकनीक एचपीवी संक्रमण से होने वाले सर्वाइकल इंट्राएपिथेलियल नियोप्लासिया का इलाज करती है। शेता दो केवल संक्रमित कोशिकाओं को खत्म करती है, स्वस्थ कोशिकाओं को नहीं। यह महिलाओं के लिए सुरक्षित विकल्प बन सकती है। इसके अतिरिक्त, आईसीएमआर के नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर रिसर्च इन बैक्टीरियल इंफेक्शंस, कोलकाता ने दो वैक्सीन तकनीकें विकसित की हैं। इनका लाइसेंस बायोलॉजिकल ई को मिला है। इनमें टाइफाइड और अन्य पेट के संक्रमणों (पैराटाइफाइड, शिगेला) से बचाव की वैक्सीन शामिल हैं। यह कार्यक्रम डीएफवाई इंडिया के आस्था प्रोजेक्ट के तहत मेडिकल ऑन्कोलॉजी विभाग ने आयोजित किया। कार्यक्रम के दौरान मरीजों, उनके परिजनों और अस्पताल आने वाले लोगों को ओरल हाइजीन किट बांटी गईं। जागरूकता सत्रों में कैंसर के शुरुआती लक्षणों, जोखिम वाले कारणों और समय पर जांच कराने की जरूरत पर जानकारी दी गई। ये संक्रमण बच्चों में गंभीर दस्त का कारण बनते हैं।आईसीएमआर के महानिदेशक राजीव बहल ने कहा कि शोध संस्थानों और दवा कंपनियों के सहयोग से नई तकनीकें मरीजों तक तेजी से पहुंचेंगी। इससे भारत में स्वदेशी स्वास्थ्य तकनीकों को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही, आयातित तकनीकों पर देश की निर्भरता भी कम होगी। यह पहल सरकारी शोध को आम लोगों के लिए उपयोगी उत्पादों में बदलने का लक्ष्य रखती है।

दिल्ली में कारोबार के नियम बदलेंगे, 13 प्रमुख सुधारों को मिलेगा कानूनी आधार

नई दिल्ली, 30 जुलाई (वेब वार्ता)। दिल्ली में कारोबार शुरू करने और संचालित करने की प्रक्रिया को आसान बनाने की दिशा में सरकार बड़ा कदम उठाने जा रही है। दिल्ली सरकार का ईज ऑफ डूइंग बिजनेस बिल-2026 अंतिम रूप ले चुका है और अगले एक सप्ताह में इसे कैबिनेट के सामने पेश किया जाएगा। इस विधेयक के जरिए कारोबार से जुड़े दूसरे चरण के 28 सुधारों में से 13 प्रमुख सुधारों को कानूनी आधार मिलेगा। सरकार का दावा है कि इससे लाइसेंस, एनओसी और अन्य सरकारी मंजूरियों की प्रक्रिया अधिक सरल, पारदर्शी और समयबद्ध होगी। बुधवार को उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की संयुक्त अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में बिल की तैयारियों और सुधारों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में उपराज्यपाल ने सभी विभागों और एजेंसियों को निर्देश दिए कि जिन प्राथमिक सुधारों की पहचान की जा चुकी है, उन्हें अगस्त के मध्य तक हर हाल में लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि सुधारों के क्रियान्वयन में किसी तरह की ढिलाई स्वीकार नहीं होगी। मुख्यमंत्री ने भी सभी विभागों से तय समयसीमा का पालन सुनिश्चित करने को कहा। सरकार ने बताया कि इस विधेयक का मसौदा 30 विभागों से सुझाव लेने और विभिन्न हितधारकों से व्यापक चर्चा के बाद तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य उद्योग, व्यापार और निवेश से जुड़ी प्रक्रियाओं को कम जटिल बनाना और नियामकीय बोझ घटाना है, ताकि निवेशकों को तेज और पारदर्शी सेवाएं मिल सकें। बिल लागू होने के बाद विभिन्न विभागों की मंजूरियों के लिए सिंगल विंडो व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। लाइसेंस, एनओसी और अन्य अनुमतियों की समयबद्ध प्रक्रिया सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही दोहराव वाली मंजूरियों और अनुपालन संबंधी औपचारिकताओं को कम करने पर भी जोर रहेगा। सरकार का मानना है कि इससे निवेश बढ़ेगा, रोजगार के नए अवसर बनेंगे और दिल्ली की कारोबारी प्रतिस्पर्धा मजबूत होगी। बैठक में यह भी बताया गया कि कई अहम सुधार मास्टर प्लान दिल्ली-2041 (एमपीडी-2041) से जुड़े हैं। इसके लागू होने के बाद औद्योगिक और व्यावसायिक भूखंडों के सेटबैक, फ्लोर एरिया रेशियो (एफएआर), ग्राउंड कवरेज और अन्य विकास नियंत्रण मानकों में बदलाव का रास्ता खुलेगा। साथ ही भूमि उपयोग को लेकर विभिन्न एजेंसियों के बीच अधिकार क्षेत्र की अस्पष्टता भी दूर होगी, जिससे भवन निर्माण और निवेश संबंधी कई लंबित सुधार लागू किए जा सकेंगे। सरकार शिक्षा और नागरिक सेवाओं से जुड़े कानूनों में भी बदलाव की तैयारी कर रही है। शिक्षा क्षेत्र में नियमों को सरल बनाने तथा राइट टू सर्विस कानून में अपील का अधिकार जोड़ने वाले विधेयकों का मसौदा तैयार हो चुका है। इन्हें आगामी विधानसभा सत्र में पेश करने की योजना है। समीक्षा बैठक में केंद्रीय कैबिनेट सचिवालय, दिल्ली सरकार, एमसीडी, डीडीए, स्वास्थ्य, शिक्षा, उद्योग, अग्निशमन सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। पहले चरण का काम लगभग पूरा जनवरी 2025 में शुरू किए गए पहले चरण में 23 प्राथमिक सुधार तय किए गए थे।

MANAPPURAM FINANCE LTD.
CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

निलामी सूचना

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 17.08.2026 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :

अजमेर, ब्यावर, 013551070000857 6, 9225, 9614, 0111, 013551073004415 5, 4594, 4642, 5554, 5681, 6013, 9695, 9700, मदनगंज कृष्णगढ़, 0111760700021637, 2551, 3119, 4020, 4101, 4265, 4343, 4824, 4954, 4974, 4979, 5000, 5021, 5055, 5096, 5127, 5307, 5440, 5456, 5503, 5528, 5537, 5693, 5702, 5741, 5876, 5940, 6026, 6215, 0111760730064828, 4829, 5140, 6593, 6700, 6824, 6853, 7444, 7552, 7553, 7699, 8039, 8605, 9170, 9529, 9530, 0175, 0300, 0556, 0586, 0587, 0755, पीआर मार्ग अजमेर, 0125030700015088, 0125030730031250, 1460, 2448, 3021, 3170, 5601, 5602, 5603, 5604, 5607, रामगंज अजमेर, 0111700700022057, 2430, 2751, 2793, 3932, 0111700730031442, 4209, 4420, 4640, भीलवाड़ा, गांधी नगर भीलवाड़ा, 0116480700020496, 0565, 1655, 1943, 1989, 0116480730021621, 1622, 2739, 3341, 3361, 3371, 3373, 3376, शास्त्री नगर भीलवाड़ा, 0116360700019764, 0355, 0608, 0641, 0789, 0116360730019149, 9444, 9681, 0060, 0456, 0971, 1263, 3300, 0041, 0053, 0054, 0061, सुभाष नगर भीलवाड़ा, 0116390700024381, 6141, 6786, 7144, 7280, 7289, 7481, 7700, 7792, 8101, 8146, 8226, 8405, 8545, 8646, 8713, 8802, 8830, 8862, 8879, 0358, 0362, 0368, 0116390730036506, 7714, 3934, 4060, 4246, 4262, 4501, 4690, 4913, 5257, 5815, 6554, 6834, 7420, 7530, 8864, 8889, 8894, 8972, 7828, 7829, 7837, 7838, 7839, 7842, 7843, 7846, 7849, 7852, 0152,

ऊपर बताई गई नीलामी में हिस्सा लेने के इच्छुक व्यक्तियों को नीचे दी गई बातों का पालन करना होगा: इच्छुक बोली लगाने वालों को नीलामी के दिन ही एनईएफटी/आरटीजीएस के जरिए 10,000/- रुपये ईएमडी (जो बोली हारने वालों को वापस कर दिया जाएगा) जमा करना होगा। बोली लगाने वालों के पास वैध आईडी कार्ड/पैन कार्ड होना चाहिए। ज़्यादा जानकारी के लिए कृपया 9072607147 पर संपर्क करें।

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फाइनेंस लि. हेतु.

equitas Equitas Small Finance Bank

इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय: 4थी मंजिल, फेज II, स्पेन्सर प्लाजा, 769, माउंट रोड, अन्ना सलाई, चेन्नई - 600 002
दूरभाष: 044-4299 5000 फैक्स: 044-4299 5050
वेबसाइट: www.equitasbank.com

स्वर्ण आभूषण नीलामी सूचना

उन सभी व्यक्तियों के लिए सूचना जिन्होंने हमारी बैंक शाखाओं से गोल्ड लोन लिया है और उन्हें सही ढंग से चुकाने में विफल रहे हैं, तथा आम जनता के लिए, बार-बार नोटिस जारी कर लोन चुकाने का अनुरोध करने के बावजूद, संबंधित उधारकर्ता अपनी बकाया राशि चुकाने में विफल रहे हैं। नीचे दिए गए ऋण खाता संख्याओं से संबंधित गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों को निर्दिष्ट तिथि और समय पर संबंधित शाखाओं में डायरेक्ट ऑक्शन के लिए रखा गया था, लेकिन नीलामी असफल रही। इसलिए, इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि नीचे सूचीबद्ध ऋण खाता संख्याओं से संबंधित गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों की एक इलेक्ट्रॉनिक नीलामी (E-Auction) **07/08/2026** को आयोजित की जाएगी।

फिजिकल नीलामी की तारीख: 16.06.2026

स्थान	शाखा का नाम	ऋण संख्या
अजमेर	ब्यावर	700012699470/GL1001126724

स्थानः अजमेर
दिनांकः जुलाई 30, 2026
इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड
की ओर सेअधिकृत हस्ताक्षरकर्ता

WONDER HOME FINANCE Zindagi Ki Perfect Shuruaat

वंडर होम फाइनेंस लिमिटेड (CIN No. U65999RJ2017PLC059619)
कॉर्पोरेट ऑफिस : 620, छठवीं मंजिल, नॉर्थ ब्लॉक, वर्ल्ड ट्रेड पार्क, मालवीय नगर, जेएलएन रोड, जयपुर- 302017, टेलीफोन: 0141- 4750000

नीलामी सह बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना

मैसर्स वंडर होम फाइनेंस लिमिटेड के अधिकृत अधिकारियों द्वारा सिक्योरिटाईजेशन एण्ड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फायनेंशियल एसेट्स एण्ड एनफोर्समेन्ट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट अधिनियम, 2002 के तहत ऋणियों से देय राशि की वसूली के लिए, अधिकारियों द्वारा उल्लिखित सुरक्षित सम्पत्ति का अधिकार लेने के अनुसरण में अचल संपत्ति खरीदने के लिए मुहरबंद लिफाफे में आमंत्रित किया गया है, जैसा कि नीचे वर्णित है, जैसा है जहां है आधार पर, जैसा है जो है आधार पर" और "जो कुछ है आधार पर नीलामी की जाएगी जो कि भौतिक कब्जे में है, जिनका विवरण नीचे दिया गया है:

खाता संख्या/ ऋणी, सहऋणी / गारंटर	मांग सूचना की दिनांक एवं राशि	अचल सम्पत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य	बयाना धन जमा	दिनांक व कुल बकाया राशि	नीलामी का स्थान
(ऋण खाता संख्या) LN29024HE23-24013293, श्री नरेन्द्र सिंह रावत पुत्र श्री मितु सिंह रावत (ऋणी एवं बंधककर्ता), श्रीमती राधा देवी (सहऋणी)	27-09-2025 Rs. 14,82,626.68 चौदह लाख बयासी हजार छः सौ छब्बीस रुपए एवं अड़सठ पैसे मात्र, 26.09.2025 तक भौतिक कब्जा 29.04.2026	श्री नरेन्द्र सिंह रावत पुत्र श्री मितु सिंह रावत की संपत्ति निर्माण भूमि, बिल्डिंग, ढांचा, सहित के सभी अभिन्न अंग स्थित पट्टा नं. 38, ग्राम-गवाडी, ग्राम पंचायत रसूलपुरा, पंचायत समिमि अजमेर ग्रामीण, जिला- अजमेर, राज. 305202, क्षेत्रफल 2237.00 वर्ग फीट	Rs. 13,40,000/-00 तेरह लाख चालीस हजार रुपये मात्र	Rs. 1,34,000/- एक लाख चौंतीस हजार रुपये मात्र	Rs. 18,17,907.14 दिनांक 29-07-2026 आगे के ब्याज, दण्डात्मक ब्याज, लागते एवं शुल्कों सहित, भुगतान की तिथि तक	620, 6th फ्लोर, नॉर्थ ब्लॉक, वर्ल्ड ट्रेड पार्क, मालवीय नगर, जेएलएन रोड, जयपुर- 302017

नीलामी दिनांक 14.08.2026, बोली जमा कराने की अंतिम दिनांक 13.08.2026, सांय 5:00 बजे तक, निरीक्षण की दिनांक एवं समय 12.08.2026 (कार्यालय समय में)

निविदा की शर्तें :-

(1) निविदा में सहभागिता करने हेतु इच्छुक खरीददार अपनी निविदा कम्पनी में उपलब्ध उपरोक्त संपत्ति के निविदा प्रपत्र जो कार्य दिवस के समय वंडर होम फाइनेंस लिमिटेड से प्राप्त किऐ जा सकते हैं, में अपने द्वारा निवेदित मूल्य लिखकर सील बन्द लिफाफे में जिसके ऊपर "टेण्डर ऑफर सम्पत्ति का विवरण" लिखा हो के साथ उपरोक्त वर्णित धरोहर राशि जो की आरक्षित मूल्य का 10 प्रतिशत हो, बैंकर्स चैक/मॉग ड्राफ्ट जो कि वंडर होम फाइनेंस लिमिटेड के पक्ष में जयपुर में जमा करा कर निविदा में भाग ले सकते हैं। प्राप्त निविदाऐवंडर होम फाइनेंस लिमिटेड पर उपस्थित निविदाकर्ताओं के समक्ष खोली जावेगी। इसके पश्चात् निविदा कर्ताओं के बीच खुली बोली लगवाने का विकल्प प्राधिकृत अधिकारी के पास सुरक्षित है। यदि बोली सफल नहीं होती है तो असफल निविदाकर्ताओं को उसी दिन धरोहर राशि लौटा दी जायेगी। (2) सफल निविदाकर्ता को सफल बोली की 10 प्रतिशत राशि (धरोहर राशि सहित) प्राधिकृत अधिकारी के द्वारा सफल निविदाकर्ता के नाम की उद्घोषणा करने के तुरन्त पश्चात, जमा करवाना होगा अन्यथा धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी। (3) सफल निविदाकर्ता को शेष राशि विक्रय की पुष्टि के दिन से 30 दिन के अन्दर प्रतिभूत लेनदार को जमा कराना आवश्यक है, अन्यथा जमा राशि बिना सूचना जब्त समझी जायेगी। (4) सम्पत्ति अथवा निविदा से संबंधित जानकारी हेतु इच्छुक निविदाकर्ता, 9828999412 पर किसी भी कार्य समय के दौरान सम्पर्क कर सकते हैं या कार्यालय समय के दौरान उपरोक्त शाखा कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं।

नोट:-यह सूचना पत्र ऋणी/जमानती/बंधककर्ता के लिए भी नियम 8(6) के अधीन 15 दिवस का सूचना पत्र भी माना जायेगा।

दिनांक: 30-07-2026 स्थान: अजमेर, राजस्थान प्राधिकृत अधिकारी वंडर होम फाइनेंस लिमिटेड

स्वत्वाधिकारी स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक युवराज सिंह के लिए सोनू वेब ऑफसेट, नीदड़ मोड़ के सामने, हरमाड़ा-सीकर रोड, जयपुर से मुद्रित व कार्यालय ए-46,गली नं. 4, विष्णु हिल टॉउन, सीआरपीएफ के पास, अजमेर (राजस्थान) से प्रकाशित। संपादक युवराज सिंह, पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किये गये विचारों से सम्पादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। न्यायालय सम्बन्धी सभी मामले जयपुर में निपटाये जायेगें। प्रकाशक की लिखित अनुमति के बिना पूर्णत: व आंशिक व पूर्ण प्रकाशन पूर्णत: प्रतिबन्धित है। सम्पादक-युवराज सिंह। मो. नम्बर: 9829410051 ई-मेल-yuvrajsinghh@gmail.com